दिनांक : 08 अगस्त, 2023

प्रेस विज्ञप्ति
नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ

दिनांक 10 अगस्त, 2023 को विश्व शेर संरक्षण दिवस के अवसर पर शेरों के प्रति जागरूकता एवं संरक्षण हेतु प्राणि उद्यान, लखनऊ द्वारा दिनांक 09.08. 2023 को प्रातः 11 बजे जागरूकता रैली प्राणि उद्यान, लखनऊ के प्रशासनिक भवन से लॉयन हाउस तक निकाली जायेगी तथा शेर के प्रतीकात्मक स्वरूप में प्राणि उद्यान में भ्रमण करने आये दर्शकों को इस वन्यजीव के प्रति जागरूक करेंगे। दिनांक 10 अगस्त, 2023 को प्राणि उद्यान के सारस प्रेक्षागृह में प्रातः 11 बजे विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा Skit कॅम्पटीशन का आयोजन किया जायेगा।

हर्ष के साथ अवगत कराया जाता है कि नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ के लिए एक बब्बर शेर प्राप्त करने के लिए प्राणि उद्यान, लखनऊ एवं श्री वेंकटेश्वरा जूलॉजिकल पार्क, तिरूपति के मध्य वन्यजीव विनिमय होने हेतु श्री वेंकटेश्वरा जूलॉजिकल पार्क, तिरूपति से एन0ओ0सी0 प्राणि उद्यान, लखनऊ को प्राप्त हो गयी है। इस सम्बन्ध में केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, नई दिल्ली से इस वन्यजीव विनिमय हेतु अनुमति प्राप्त करने के लिए आववश्यक कार्यवाही की जा रही है। केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, नई दिल्ली से अनुमति प्राप्त होते ही प्राणि उद्यान, लखनऊ में बब्बर शेर लाने की कार्यवाही की जायेगी   जैसा कि आप अवगत हैं कि विगत कुछ दिन पूर्व वृद्ध नर बब्बर शेर पृथ्वी की मृत्यु हो गयी थी, जिससे बब्बर शेर का बाड़ा सूना हो गया था। प्राणि उद्यान एवं दर्शकों के लिए यह खुशी की खबर है कि शीघ्र ही प्राणि उद्यान में बब्बर शेर की दहाड़ सुनायी देगी।

(–ह0–)
(अदिति शर्मा)
निदेशक
नवाब वाजिद अली शाह
प्राणि उद्यान, लखनऊ